INTERNATIONAL NEWS AND VIEW CORPORATION
INVC
अंतरराष्ट्रीय समाचार एवं विचार निगम

नीतीश कुमार का विकास मात्र छलावा : अमित शाह

By : INVC Team Published On : 30 Sep, 2015 08:00 PM IST

आई एन वी सी न्यूज़ बेगूसराय ,

भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री अमित शाह ने आज बुधवार को बिहार के बेगूसराय में भाजपा कार्यकर्ताओं के सम्मलेन को सम्बोधित किया और कार्यकर्ताओं में जोश का संचार करते हुए इस बार के बिहार विधान सभा चुनाव में उनसे राज्य में भाजपा का झंडा बुलंद करने की अपील की।

श्री शाह ने कहा कि श्री लालू प्रसाद यादव और नीतीश कुमार राजनीति के माहिर खिलाड़ी हैं और बिहार की जनता का ध्यान चुनाव में विकास के मुद्दे से भटकाकर वे पुनः एक बार जाति की राजनीति करने की कोशिश कर रहे हैं। भाजपा अध्यक्ष ने श्री लालू प्रसाद यादव और श्री नीतीश कुमार के आरक्षण के झूठे प्रचार पर करारा प्रहार करते हुए कहा कि जनता उनके सफ़ेद झूठ से भ्रमित होने वाली नहीं है। उन्होंने आरक्षण पर भाजपा के इस संकल्प को फिर से दोहराया कि भाजपा वर्तमान आरक्षण व्यवस्था की पक्षधर है और इस पर किसी भी तरह के पुनर्विचार का कोई सवाल ही पैदा नहीं होता। उन्होंने कहा कि जन संघ के समय से ही भाजपा आरक्षण के पक्ष में रही है और इसपर किसी भी तरह के परिवर्तन की कोई गुंजाईश नहीं है।

भाजपा अध्यक्ष ने कहा, "यह साफ़ दिख रहा है कि इस बार राजग बिहार में भारतीय जनता पार्टी की अगुआई में दो तिहाई की बहुमत से सरकार बनाने जा रही है।" उन्होंने कहा कि बिहार गौतम बुद्ध और भगवान महावीर की धरती है, बिहार सम्राट अशोक, चन्द्रगुप्त और चाणक्य की धरती है, बिहार का गौरवशाली अतीत नालंदा और तक्षशिला विश्वविद्यालय से जुड़ा हुआ है, बिहार सम्पूर्ण क्रान्ति के सूत्रधार जयप्रकाश नारायण, भारत के प्रथम राष्ट्रपति डॉ राजेंद्र प्रसाद, बाबू जगजीवन राम और कर्पूरी ठाकुर की धरती है, लेकिन आज बिहार लालू और जंगलराज के चपेट में आता जा रहा है।

उन्होंने कार्यकर्ताओं से अपील करते हुए कहा कि आप बिहार की जनता को जाग्रत करें और उन्हें बिहार की गौरवशाली परम्परा की याद दिलाएं, आप उन्हें बताएं कि किस तरह दवाई, कमाई और पढ़ाई के कारण राज्य के नौजवान पलायन कर रहे हैं और राज्य में फिर से लूट, अपहरण, हत्या और पिछड़ों के उत्पीड़न का ग्राफ बढ़ने लगा है। उन्होंने कहा कि लालू जी का समाजवाद परिवारवाद तक सिमट कर रह गया है। उन्होंने कहा कि हमने बिहार को जंगलराज से मुक्ति दिलाने की खातिर ही अपने कार्यकर्ताओं का तमाम अपमान सहने के बावजूद श्री नीतीश कुमार के हाथ में राज्य की कमान दी थी, क्योंकि हमें अपने कार्यकर्ताओं के मान - अपमान से ज्यादा बिहार की चिंता थी, लेकिन नीतीश कुमार ने केवल भाजपा के साथ ही नहीं, पूरे राज्य की जनता के साथ विश्वासघात किया है। उन्होंने कहा, "जिस नीतीश कुमार ने लगातार 20 वर्षों तक लालू के जंगलराज के विरोध की राजनीति की, आज उन्होंने फिर से लालू जी से हाथ मिला लिया, समाजवाद का दम्भ भरने वाले नीतीश जी और लालू जी ने स्वर्गीय जयप्रकाश नारायण के सिद्धांतों की तिलांजलि देते हुए कांग्रेस से भी हाथ मिलाने से परहेज नहीं किया, श्री नीतीश कुमार ने तो उन्हें राजनीति में आगे बढ़ाने वाले श्री जार्ज फर्नांडीज के साथ भी धोखा दिया, मांझी को अलग - थलग किया। सत्ता के लिए किसी को छोड़ देना और किसी के साथ विश्वासघात करना नीतीश कुमार के लिए कोई नई बात नहीं, लेकिन बिहार की जनता सब समझती है और इस बार के विधान सभा चुनाव में श्री नीतीश कुमार को अपने इन कुकृत्यों का परिणाम भुगतना पड़ेगा।

श्री शाह ने कहा कि नीतीश कुमार का विकास की बात करना केवल छलावा मात्र है। उन्होंने कहा कि जब श्री नीतीश कुमार अपराध, भ्रष्टाचार और जंगलराज के प्रतीक श्री लालू यादव से हाथ मिला लेते हैं, जब वह केवल सत्ता प्राप्ति के उद्देश्य से 12 लाख करोड़ का घपला करनेवाली कांग्रेस से हाथ मिला लेते हैं, तो उनका विकास का दावा बस खोखला प्रतीत होता है।

उन्होंने कहा कि भाजपा की परम्परा ही विकास की रही है। उन्होंने कहा कि यह हमारी विकास की ही नीति है कि हम हर राज्यों में बारम्बार चुनकर आते हैं, चाहे वह गुजरात हो, या मध्य प्रदेश, राजस्थान, गोवा या फिर छत्तीसगढ़। जनता को विश्वास है कि भाजपा ही एकमात्र ऐसी पार्टी है जो सबको साथ लेकर समाज के हरेक वर्ग के कल्याण के लिए सदैव प्रयत्नशील रहती है और इसलिए वह लगातार भारतीय जनता पार्टी को अपना मताधिकार देकर शासन का अवसर देती है।

भाजपा अध्यक्ष ने कहा कि श्री नीतीश कुमार और लालू जी गरीबी की बात करते हैं जबकि आजादी के बाद के 68 सालों में से 60

सालों तक सत्ता में रहनेवाली कांग्रेस के शासनकाल में देश के 60 करोड़ लोगों के पास अपना एक अदद बैंक खाता तक नहीं था। उन्होंने कहा कि श्री नरेन्द्र मोदी के सत्ता में आने के 1 वर्ष में ही 15 करोड़ परिवारों के बैंक खाते खुल गए। श्री शाह ने कहा कि चाहे प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना हो, चाहे प्रधानमंत्री जीवन सुरक्षा बीमा योजना हो, या फिर छोटे-मोटे उद्यमियों की मदद के लिए श्री नरेन्द्र भाई मोदी जी द्वारा मुद्रा बैंक योजना की शुरुआत हो, हमने मात्र एक - सवा एक वर्ष के भीतर ही दलितों, शोषितों और वंचितों के लिए अनेक परिवर्तनात्मक कदम उठाये हैं और अनेकों परिवर्तनात्मक योजनाओं की नींव रखी है जिसके आशातीत परिणाम भी धरातल पर दिखने शुरू हो गए हैं। श्री शाह ने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में विकास के जरिये गरीबों की सेवा और उनके जीवन-स्तर में सुधार लाना हमारी सबसे बड़ी प्राथमिकता है।

उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में देश की सीमायें सुरक्षित हैं और दुश्मनों को उन्हीं की भाषा में जवाब दिया जा रहा है। राहुल गांधी पर कटाक्ष करते हुए श्री शाह ने कहा कि राहुल गांधी सीमा पर पाकिस्तान की तरफ से हो रही गोलीबारी को लेकर श्री मोदी सरकार पर आरोप लगाते हुए कहते हैं कि तब और अब में कोई फर्क नहीं पड़ा है। श्री शाह ने कहा, "राहुल जी बहुत फर्क पड़ा है। पहले सीमाओं पर गोलीबारी की शुरुआत पाकिस्तानी सेना करती थी और खत्म भी वही करती थी। आज शुरुआत पाकिस्तानी सेना करती है लेकिन खत्म करती है भारतीय सेना। राहुल जी को समझना चाहिए कि यह कितना बड़ा फर्क है।"

श्री शाह ने आगे बोलते हुए कहा कि आज भारतीय प्रधानमंत्री के स्वागत के लिए पूरा विश्व लालायित रहता है। उन्होंने कहा कि आज भारत के प्रधानमंत्री का दुनिया में मान-सम्मान बढ़ा है और यह मान-सम्मान देश की 125 करोड़ जनता का सम्मान है। उन्होंने कहा कि श्री नरेन्द्र भाई मोदी ने दुनिया भर में भारतीयों की प्रतिष्ठा बढ़ाई है। उन्होंने कहा कि परिवर्तन किसे कहते हैं, यह हमने श्री नरेन्द्र भाई मोदी के नेतृत्व में करके दिखाया है।

उन्होंने कहा कि अगर बिहार में 24 घंटे बिजली चाहिए, बिहार में निवेश चाहिए, महिलाओं का सम्मान चाहिए, कानून व्यवस्था अच्छी होनी चाहिए, रोजगार के पर्याप्त अवसर बनने चाहिए, यदि राज्य को अपराध, भ्रष्टाचार और जंगलराज से मुक्ति चाहिए तो बिहार की जनता को एकमत से फैसला करके राज्य में दो-तिहाई की पूर्ण बहुमत से भाजपा-नीत सरकार बनानी होगी। उन्होंने कहा कि श्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में हम बिहार के विकास के लिए प्रतिबद्ध हैं।

उन्होंने कहा कि बिहार का चुनाव राजनीति की एक नई दिशा तय करेगा। उन्होंने कहा कि भाजपा हमेशा से समाज में उच्चतम आदर्शों की परंपरा का निर्वहन करने वाली कार्यकर्ताओं की पार्टी रही है। उन्होंने कार्यकर्ताओं से अपील करते हुए कहा कि आप प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के 'सबका साथ, सबका विकास' और पिछले 15 महीनों की उपलब्धियों को लेकर जनता के बीच जाएँ और बिहार में विकास और इसके गौरवशाली अतीत की पुनर्स्थापना के लिए राज्य में भाजपा नेतृत्व में दो तिहाई बहुमत की सरकार बनाने के लिए एकजुट हो जाएं।

URL : https://www.internationalnewsandviews.com/नीतीश-कुमार-का-विकास-मात/

INTERNATIONAL NEWS AND VIEW CORPORATION

INVC

अंतरराष्ट्रीय समाचार एवं विचार निगम

12th year of news and views excellency

Committed to truth and impartiality

Copyright © 2009 - 2019 International News and Views Corporation. All rights reserved.